# आयुक्त ने प्रस्तावित रोड निर्माण एवं सिवरेज सिस्टम का किया निरीक्षण

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक–5 श्रीराम चौंक में प्रस्तावित रोड निर्माण, साफ–सफाई, वृक्षारोपण एवं सिवरेज सिस्टम का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय एमआईसी सदस्य सीजू एन्थोनी के साथ किए। निगम आयुक्त ने जोन 05 के श्रीराम चौंक में प्रस्तावित रोड का निरीक्षण किए। उक्त स्थल पर नागरिको का मांग था कि रोड निर्माण किया जाना है । स्थल पर रोड निर्माण करने प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया है, स्वीकृति पश्चात रोड निर्माण का कार्य प्रारंभ करने जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता को निर्देशित किया गया है। रोड के आस–पास नियमित साफ–सफाई कराने जोन स्वास्थ्य अधिकारी सागर दुबे को निर्देशित किया गया है। साथ ही हरियाली एवं पर्यावरण को दृष्टिगत रखते हुए रोड के किनारे 100 से अधिक पौधो का रोपण करने उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को निर्देशित किया गया है। सीवरेज पाइप लाइन जर्जर हो गया था, जिसके कारण जाम की स्थिति बनी हुई थी। आयुक्त के निर्देश पर कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह द्वारा नागरिको के मांग पर नया सीवरेज पाईप लाईन का निर्माण किया गया है, जिसका निरीक्षण आयुक्त ने किया।

